(ख) क्या कोल आदिवासी एवं अनुसूचित जाति के लोगों को अब तक उपलब्ध संवैधानिक संरक्षण समाप्त कर देने का सरकार का विचार है ?

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह) : (क) सारे मध्य प्रदेश राज्य में कोल समुदाय को एक अनुसूचित जनजाति के रूप में और सारे उत्तर प्रदेश राज्य में एक अनुसूचित जाति के रूप में निर्दिष्ट किया गया है ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

उत्तर प्रदेश के पहाड़ी गांवों में बिजली लगाया जाना

5946. **श्री जगन्नाथ शर्मा** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में अब तक कितने गांवों में बिजली उपलब्ध कराई गई है;

(ख) वर्ष 1977–78 के लिए ऐसे कुल कितने गांवों को बिजली देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) क्या पौड़ी गढ़वाल जिले में, जहां बहुत कम गांवों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, विद्युतीकरण कार्य को प्राथमिकता दिये जाने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) उत्तर प्रदेश राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में नैनीताल, देहरादून, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, उत्तर काशी, चमौली, पौढ़ी गढ़वाल तथा टिहरी गढ़वाल नामक 8 जिले हैं । इन जिलों के 15,010 गांवों में से 31 मार्च, 1977 तक, 2,283 गांवों को विद्युतीकरण किया जा चुका था ।

(ख) राज्य बिजली बोर्ड का कार्यक्रम 1977-78 के दौरान 730 और ऐसे गांवों को विद्युतीकृत करने का है ।

(ग) और (घ).पौढ़ी गढ़वाल जिले के 3,236 गांवों में से 31 मार्च, 1977 तक 327 (10 प्रतिशत) गांवों को विद्युतीकृत किया जा चुका था । राज्य बिजली बोर्ड द्वारा 1977-78 के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम में इस जिले के 125 और गांवों का विद्युतीकरण शामिल है ।

Development of Solar Energy Powered Grain Dryer

5947. DR. HENRY AUSTIN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether National Industrial Development Corporation had developed India's first solar energy powered grain dryer which can dry a minimum of 10 tonnes of grain in a day at a cost of Rs. 6 per tonne;

(b) if so, the facts thereof;

(c) whether the NIDC also plans to make solar energy devices for agricultural and industrial products; and

(d) if so, the details thereof?